आनाय द्वारा प्रयुक्त वर्तमान प्रयास जारी करके और ड्रिफ्ट गिलजाल के प्रयास में परिवर्तन कराए जाए तो आनाय, गिलजाल द्वारा *एस. कर्मेसन* की पकड पर संभावित प्रभाव और *एस. कर्मेसन* की कुल प्राप्ति (दोनों संभारों को जोडकर) का परिदृश्य संक्षिप्त रूप में नीचे प्रस्तुत है । गिल जाल द्वारा प्रयास और भी बढाये जाए तो अनाय द्वारा वर्तमान सुरमई पकड बढ जाएगी, जब कि गिलजाल द्वारा पकड वर्तमान स्तर से गिर जाएगी । फिर भी गिल जाल का प्रयास 20% कम किए जाए तो 10,221 टन की अधिकतम पकड मिल जाएगी, अतः पश्चिम तट पर गिलजाल द्वारा अनुकूलतम पकड की प्राप्ति के लिए 80% प्रयास पर्याप्त है । इस परिदृश्य में *एस. कर्मेसन* की कुल पकड पर प्रभाव गिलजाल द्वारा पकड के सदृश्य होगा और वर्तमान गिलजाल प्रयास के 80% पर 13,306 टनों की अनुकूलतम पकड प्राप्त हो जाएगी ।

परिदृश्य 2:

वर्तमान गिलजाल प्रयास स्थिर रखकर आनाय द्वारा प्रयास बढाए जाए तो सुरमई पकड वर्तमान स्तर (3,350 टन) से बढ जाएगी, लेकिन आनाय द्वारा प्रयास और भी बढाए जाए तो बहुत कम वृद्धि ही होगी । आनाय द्वारा प्रयास बढाए जाए तो गिलजाल द्वारा सुरमई पकड 9,996 टन की वर्तमान पकड से नीचे आ जाएगी । भारत के पश्चिम तट पर *एस. कर्मेसन* की कुल पकड पर भी इसी प्रवणता की प्रत्याशा की जाती है और आनाय द्वारा प्रयास में और बढती की जाए तो 12,142 टन की वर्तमान पकड गिर जाएगी ।

एस. गट्टाट्टस

परिदृश्य 1:

आनाय प्रयास स्थिर रखकर गिलजाल प्रयास बढाए जाए तो आनाय द्वारा सुरमई उत्पादन वर्तमान 2, 174 टन से बढ जाएगा । गिलजाल द्वारा *एस. गट्टाट्टस* की वर्तमान पकड वर्तमान प्रयास स्तर पर अनुकूलतम (7,405 टन) रहेगी और गिल जाल द्वारा प्रयास और बढाए जाए तो उत्पादन में कमी पड जाएगी। इस परिदृश्य में *एस. गट्टाट्टस* की कुल पकड पर प्रभाव गिलजाल उत्पादन के समतुल्य होगा, अर्थात्, इस जाति की कुल पकड में कमी आ जाएगी । अर्थात् गिलजाल द्वारा 80% प्रयास किये जाने

पर 9,589 टन की अधिकतम वहनीय पकड प्राप्त हो जाती है ।

परिदृश्य 2:

यदि वर्तमान गिलजाल प्रयास में कोई परिवर्तन किए बिना और आनाय द्वारा प्रयास में परिवर्तन किए जाए तो, आनाय में अधिकतम पकड (2,188 टन) वर्तमान आनाय प्रयास के 40% से प्राप्त हो जाएगी या 60% आनाय प्रयास घट दिया जाना चाहिए । गिलजाल में वर्तमान प्रयास के 60% उपयोग करके 7,412 टन की अधिकतम पकड प्राप्त की जा सकती है । आनाय प्रयास में और बढती गिलजाल द्वारा चित्तीदार सुरमई पकड (7,404 टन) को वर्तमान स्तर से कम कर दी जाएगी । ऐसी स्थिति में *एस. गट्टाट्टस* के कुल उत्पादन पर प्रभाव गिलजाल उत्पादन के सदृश्य होगा और वर्तमान आनाय प्रयास के 60% से इष्टतम (9,598टन) पकड प्राप्त हो जाएगी।

पश्चिम तट में *एस. कर्मेसन* की औसत वार्षिक प्राप्ति, कुल प्रभव और जीवमात्रा क्रमश: 18,000, 28,213 और 10,651 टन आकलित किए गए और पूर्वी तट में ये 14,500, 19,308 और 4,849 टन थे । *एस. गट्टाट्टस* की औसत पकड, प्रभव और जीवमात्रा पश्चिम तट में क्रमश 11,000, 14,323 ओर 2,311 टन और पूर्वी तट में 5,000, 6,502 और 996 टन थे ।

प्रबन्धन

भारत के दोनों तटों पर राजा सुरमई और चित्तीदार सुरमई, दोनों का उच्च मत्स्यन होते रहने की दृष्टि में प्रयास का स्तर कम करना चाहिए । मॉंगलूर-माल्पे, टूटिकोरिन और

सारणी 5: राजा सुरमई और चित्तीदार सुरमई की मृत्युता दर, विदोहन दर, प्राप्ति, जीवमात्रा और प्रभव का आकलन

क्षेत्र	प्राकृतिक मृत्युता दर (एम)	कुल मृत्युता दर (इज़ड)	मत्स्यन मृत्युता दर (एफ)	विदोहन अनुपात दर (ई)	विदोहन अनुपात दर (यु)	प्राप्ति (वाइ) (टी)	जीवमात्रा (वाइ/एफ) (टी)/वाइ	प्रभव (वाइ/यू) (टी)
एम. कर्मेसन								
पश्चिमतट (1998-2002)	0.73	2.43	1.69	0.70	0.634	18000	10,651	28213
पूर्वी तट (2001-2003)	0.91	3.9	2.99	0.77	0.751	14500	4849	19308
एस गट्टाट्टस								
पश्चिम तट (1998-2002)	1.41	6.17	4.76	0.77	0.768	11,000	2,311	14,323
पूर्वी तट (2001-2003)	1.5	6.52	5.02	0.77	0.769	5,000	996	6,502

चेन्नै तटों पर आनाय द्वारा भारी मात्रा में विदोहन हो रहा है । अत: पकड का न्यूनतम आकार बढाने के लिए बडी जालाक्षि के जालों का प्रयोग करना चाहिए। 65-170 मि मी का वर्तमान गिलजाल जालाक्षि आयाम 130 मि मी तक बढाना चाहिए । टूटिकोरिन तट में प्रचालित छोटी जालाक्षि आयाम का गिल जाल जैसे पोडिवलै का प्रचालन प्रोत्साहित नहीं करना चाहिए । काँटा डोर और बडे जालाक्षि आयामों का प्रचालन, जो बडी सुरमईयों को लक्ष्य करते है, अभितटीय मत्स्यन तलों में प्रोत्साहित करना चाहिए । साथ ही साथ उनका प्रचालन क्षेत्रों में (बहु दिवसीय प्रचालन) गहरे में भी प्रोत्साहित करना चाहिए ताकि दूरस्थ जलक्षेत्रों के अविदोहित प्रभवों से उत्पादन बढा दिया जा सके

सी. मुत्तय्या, एच. एम. कासिम, एन, जी. के. पिल्लै और उमा. एस. भट, सी एम एफ आर आइ द्वारा तैयार की गयी रिपोर्ट

1125 टूटिकोरिन में सीपियों का विदोहन

टूटिकोरिन में समुद्री मोलस्कों का विदोहन एक मौसमिक कार्य है । इसके पहले वर्ष 2001 में कवच दस्तकारी उद्योग केलिए टूटिकोरिन खाडी से कांच शुक्ति *प्लाक्यूना प्लाक्यूना* के विदोहन पर रिपोर्ट उपलब्ध है । इसके बाद वर्ष 2002 में प्रसादन और पेन्ट उद्योग, कुकुट खाद्य और चूना बनाने में उपयोग करने के लिए कांच शुक्ति *पी. प्लासेन्टा* का बडे तौर पर संग्रहण टूटिकोरिन के निकट के वेल्लापाटी से किया था। हाल में वर्ष 2004 फरवरी के दौरान कवच दस्तकारी उद्योग के लिए बडे पैमाने पर सीपियों का विदोहन हुआ था ।

टूटिकोरिन खाडी के पंक मैदानों से *सीपियों (गाफ्रेरियम टुमिडम)* का विदोहन किया था (चित्र-1) । इस सीपी के कवच मार्जिन की ओर घने, ग्रन्थिक अरीय शिरे के होने के कारण इसे *वरि माट्टी* पुकारे जाते हैं । वर्ष 2004 फरवरी के दौरान पंक मैदानों में ये बडी संख्या में दिखाये पडे थे, विशेषत: निम्न ज्वार के दौरान जो मत्स्यन जालों के ज़रिए या हाथों से इसका संग्रहण अनायास बना दिया था । सीपियों का इस प्रकार के धंसन की जानकारी प्राप्त होने पर मछुआरों ने बडे पैमाने पर इसका संग्रहण किया। इसके अलावा हस्तचयन से भी संग्रहण किया था । यह संग्रहण पूर्णतया मैसमिक और व्यापारियों की माँग के अनुसार था । सीपी संग्रहण निम्नज्वार के दौरान प्रात: काल में किया करता था जिसमें मर्दों की अपेक्षा स्त्रीयों की संख्या अधिक थी । इन सीपियों के संग्रहण के लिए पनई ताड आच्छाद से निर्मित वृत्ताकार चालनी का उपयोग किया था । बालू और पंक बाहर जाने के कारण सीपियों का संग्रहण चालनी से आसान था । इस प्रकार संग्रहित सीपियों को समुद्रतट में ढेर लगा के धूप में सुखा दिया । पर्याप्त मात्रा में सीपी मिलने पर और इसके ठीक प्रकार सूख जाने के बाद व्यापारियों ने इन्हें पॉलिथीलिन की थैलियों में डालकर अपने गोदामों में ले चला । कवचों की माँग के आधार पर इन को कवच दस्तकारी उद्योग को बेच दिया गया । अच्छी आकृति और रंगीन सीपियों को आलंकारिक वस्तुओं के निर्माण के लिए और अन्य कवचों को, जो ज्यादा घने थे, चूना के निर्माण के लिए उपयोग किए थे ।

जी. टुमिडम की समष्टि सघनता 572 ग्रा भार के साथ 45 सीपीयां थी । खाडी पर पश्चिम भाग में उत्तर से दक्षिण तक 600 मी फैले क्षेत्र में इसकी समष्टि है । खाडी के पूर्वी समुद्र पार्श्व में तट से 50 मी से लेकर 400 मी तक 0.3 से 2 मी की गहराई के क्षेत्र में सीपियाँ वितरित है । खाडी में सीपी युक्त क्षेत्र का कुल विस्तार 24 हेक्टयर है । पूर्वी तट में 400 मी के ऊपर सीपी समष्टि दिखायी नहीं देती है क्यों कि यहां फ्लाइ एश का भारी निक्षेपण होता है और दक्षिण भाग में टूटिकोरिन थेर्मल पाअर प्लान्ट से गरम पानी छुडा जाता है । खाडी से आकलित कुल सीपी प्रभव लगभग 137.2 टन था । इस में 1.2 टन सीपियों का विदोहन 2004 फरवरी के दौरान किया गया था ।

घोंघा सीपी *जी. टुमिडम* के पृष्ठाधर मापन या कवच की ऊँचाई 29.6 मि मी के औसत मूल्य के साथ 22.0 से 34.5 मि मी में विविध था और अग्र पश्च मापन या कवच की लंबाई 25.5 से 43.0 मि मी के बीच विविध था (औसत 38.5 मि मी) । कवच की गहराई या सघनता 14.0 से 28.5 मि मी के बीच देखी गयी (औसत 20.4 मि मी)। एक सीपी का कुल भार 6.5 से 27.0 ग्रा में विविध था (औसत 16.4 ग्रा) । नर सीपियों (38.3%) की तुलना में मादाओं की प्रमुखता (61.7%) देखी गयी ।

सीपियों का संग्रहण दो हफ्तों तक जारी रहा और व्यापारी द्वारा प्रति व्यक्ति को प्रति दिन 25/-रु की दर में वेतन दिया गया । 5-6 व्यक्तियों का एक छोटा ग्रूप प्रति दिन के संग्रहण में लगा हुआ था । इस अवधि में कुल 60 थैली सीपियों का संग्रहण किया गया था । सीपियों का आर्द्र भार प्रति थैली 35 से 50 कि ग्रा में विविध था और सुखाई गयी सीपियों का भार लगभग 20 कि ग्रा था। एक थैली कवचों का मूल्य 25/- रु था ।

विरल जाति *मार्सिया ओपिमा* जिसे वाज़ुक्कु *माट्टी* पुकारी जाती है, का भी टूटिकोरिन खाडी के घोंघा सीपी *जी. टुमिडम* के साथ संग्रहित किया था । *एम. ओपिमा* की संपदा खाडी में नगण्य था । इस का पृष्ठाधर मापन 27.5 से 29.5 मि मी (औसत 28.5 मी) में और अग्र पश्च मापन 34.0 से 35.5 मि मी (औसत 43.7 मि मी) में विविध था । कवच की गहराई 20.5 से 23.0 मि मी

चित्र - 1 घोंघा सीपी *गाफ्रेरियम टुमिडम*

(औसत 21.7 मि मी) में विविध था और जीवित अवस्था में कुल भार 12.0 से 15.5 ग्रा (औसत 14.2 ग्रा) में विविध देखा गया । नर और मादा अनुपात इस जाति में तुल्य था ।

सीपी *डोनाक्स फाबा* का भी विदोहन टूटिकोरिन मात्स्यिकी पुलिन से किया था (चित्र-2) । इसको *वज़ि माट्टी* पुकारा जाता है जो बहुरूपी कवच अभिलक्षणों के हैं । ये कवच बहुरंगी और विभिन्न डिज़ाइनों के होने के कारण इस का संग्रहण कवच दस्तकारी उद्योग के आलंकारिक उद्देश्यों के लिए किया था । बालूई तट पर दिखाये पडनेवाले इनका विदोहन चालनी से किया था । कुल 50 थैली सीपियों का संग्रहण किया गया था ।



चित्र - 2 डोनाक्स सीपी

टूटिकोरिन मात्स्यिकी पुलिन में *डोनाक्स फाबा* की समष्टि सघनता प्रति वर्ग मीटर 1092 सीपियाँ थी । टूटिकोरिन पोताश्रय के दक्षिण से पुन्नक्कायल तक के पुलिन क्षेत्र में बहु संख्या में ये सीपियाँ पायी गयी थी । उच्च ज्वार क्षेत्र से 2 मी के स्तर तक सीपी समष्टि नहीं थी। निम्न ज्वार क्षेत्र की ओर समष्टि 4,6,8,10 और 12 मी पर क्रमशः 231, 2281, 1965, 3563 और 579 सीपियों में बढ गयी । ज्वारीय क्षेत्रों में 6 मी और 10 मी के स्तरों में जहाँ पानी का लगातार मार होता है, घना समष्टि देखी गयी । वर्तमान निरीक्षण में यह देखा गया कि समष्टि में किशोरों की उपस्थिति अधिक है (98%)। उच्च ज्वार क्षेत्र से निम्न ज्वार क्षेत्र के बीच 13.44 वर्ग मीटर क्षेत्र में उपलब्ध कुल सीपी 6.99 कि ग्रा रिकार्ड की गयी थी । 2004 फरवरी के दौरान इस क्षेत्र से लगभग 1.0 टन *डी. फाबा* का विदोहन किया था ।

डी. फाबा का पृष्ठाधर मापन 11.7 मि मी के औसत के साथ 10.0 से 13.5 मि मी में विविध था और अग्र पश्च मापन (औसत 16.7 मि मी) 13.0 से 18.5 मि मी में विविध था। कवच की गहराई 5.3 से 7.5 मि मी (औसत 6.6 मि मी) में विविध देखी गयी और सीपी की जीवित अवस्था में भार 0.1 से 0.75 ग्रा में औसत 0.21 ग्रा के साथ विविध था । नर सीपियों की उपस्थिति 49.0% और मादा सीपियों की उपस्थिति 51.0% देखी गयी ।

सी एम एफ आर आइ के टूटिकोरिन अनुसंधान केन्द्र, टूटिकोरिन के एस. धर्मराज, के. षण्मुखसुन्दरम और सी. पी. सुजा द्वारा तैयार की गयी रिपोर्ट

1126 आन्ध्रा प्रदेश - उडीसा तट के परंपरागत मछुआरों द्वारा नई मत्स्यन प्रौद्योगिकियों का स्वीकरण

पिछले तीन-चार दशकों में देश की परंपरागत मात्स्यिकी ने संरचनात्मक एवं प्रौद्योगिकीय, दोनों में, विचारणीय परिवर्तनों का अनुभव किया है । कुछ यानों और संभारों की संख्या विचारणीय तौर पर बढ गयी तो कुछ संभारों का प्रचालन बन्द हो गया । अन्य समुद्रवर्ती राज्यों के समान आन्ध्रा प्रदेश-उडीसा तटों ने भी, प्रौद्योगिकीय परिवर्तन के रूप में प्राकृतिक तन्तुओं को छोडकर पॉलिमीड (पी ए) पॉलिथीलिन (पी ई) और पॉलिप्रोपिलिन (पी पी) जैसे सिन्तटिक संभार वस्तुओं को स्वीकार किया । परंपरागत यानों के संबंध में फाइबरग्लास से निर्मित पुलिन अवतरण यान और मोटोरीकरण प्रमुख परिवर्तन थे । इन राज्यों के परंपरागत मात्स्यिकी सेक्टर केरल या तमिलनाडु की तरह मत्स्यन में नए तरीकाओं/ संभारों को स्वीकारने में इतना तेज़ नहीं था। शायद *डिस्कोजाल* (ट्रामेल गिलजाल) ही एकमात्र प्रमुख नया संभार है जिसकी प्रस्तुति इन प्रदेशों में पिछले दशक की अंतिम तिमाही में हुई थी । यद्यपि हाल के वर्षों में परंपरागत संभारों की पकड में हुई कमी या अन्य राज्यों के मछुआरों के साथ निरन्तर संपर्क से

प्रभावित होकर तो सही, इन प्रदेशों के मछुआरे भी नई मत्स्यन रीतियाँ स्वीकार कर रहे हैं । अन्य तटों में उचित साबित किए कुछ संभारों की प्रस्तुति ने इस प्रदेश में अच्छा परिणाम दर्ज किया । आन्ध्रा प्रदेश-उडीसा क्षेत्र में उपयोग किये जाने वाले ऐसे तीन संभारों का विवरण मात्स्यिकी पर्यावरण में इसके प्रभाव पर विशेष उल्लेख के साथ इस लेख में प्रस्तुत किया जाता है ।

रे जाल

उत्तर आन्ध्रा प्रदेश में *तेक्कुवला* और उडीसा में *शंकूचा* जाल पुकारे जाने वाले ये जाल शंकुशों (रे) को पकडने के लिए निर्मित विशेष गिलजाल हैं । इन जालों का प्रयोग उत्तर दिशा में उडीसा के गंजम जिले के गोपालपूर तक और दक्षिण में आन्ध्रा प्रदेश के विशाखपट्टनम जिले में पालमनपेट्टा तक विस्तृत होकर भी विज़ियानगरम जिले के चिन्टापल्लि में यह बहुत लोकप्रिय है । चिन्टापल्लि में लगभग 50 और पालमनपेट्टा में करीबन 20 एकक प्रचालन में हैं ।

अन्य तलीय गिल जालों के समान दिखने वाले इन जालों की भिन्नता वेब्बिंग में है जो नः 6 नाइलॉन (पी ए) बहु तंतुक ट्वाइन से अत्यधिक बडी जालाक्षियों (45-50 से मी) के साथ निर्मित है और हरा रंग का होता है । प्लव (6 से मी x 2.5 से मी) का निर्माण सिन्तेटिक फेन वस्तुओं से और डुबकों (13 से मी x 5.5 से मी, 1.8 कि ग्रा) का निर्माण सिमेन्ट और बालू से किए गए है । जाल की लंबाई 1000 से 1200 मीटरों में (27-32 वेब्बिंग टुकडे) विविध हो सकती है और ऊँचाई 5.1 मी है । संभार विवरण नीचे प्रस्तुत है:

इस जाल का प्रचालन रात में या प्रातः काल के समय 5-15 मी की गहराई में किया जाता है । शंकुशों की प्रमुखता के साथ जाल में कभी कभी हैमर हेड सुरा और बडी मछलियाँ भी पकडी जाती है । 15-50 कि ग्रा भार के शंकुशों को प्रति कि ग्रा 8-10/- रु प्राप्त होता है और 10-12 शंकुशों का अवतरण करने वाली एक साधारण नाव का आय 1000 से 3000/- रु तक हो सकता है। 25000/- रु मूल्य के इस जाल का प्रचालन दो से तीन सालों तक किया जा सकता है ।

इस जाल की मुख्य समस्या यह है कि नीडन मौसम (अक्तूबर से मई तक) के दौरान तट की ओर प्रवास करने वाले कच्छपों के लिए यह एक धमकी है । ओलिव राइडली का विस्तृत नीडन पुलिन उपस्थित उडीसा राज्य में इस जाल का प्रचालन नीडन मौसम के दौरान बन्द कर दिया जाता है । उडीसा के गिल जालों पर हाल में किये गए जाँच ने इस प्रत्येक संभार को कच्छपों के लिए एक शक्य धमकी पहचानने की दृष्टि में आन्ध्रा प्रदेश में भी इनके मौसमिक/ स्थानिक नियंत्रण पर विचार करना है ।

वलय संपाश

रिंग वला नाम से जाननेवाला वलय संपाश दक्षिणपश्चिम तट के परंपरागत सेक्टर का प्रमुख संभार है । यह बताया जाता है कि वर्ष 2002 में उडीसा के गंजम जिले के कुछ मछुआरों ने गोआ से यह जाल लाया था । उत्तर आन्ध्रा प्रदेश और दक्षिण उडीसा के मछुए अच्छी खासी पकड के साथ आज इस जाल का प्रचालन करते हैं ।

एक छोटे कोष संपाशक के रूप में इस जाल का प्रचालन किया जाता है । इसमें पादपरस्सी से वलयों के अन्दर से जानेवाली एक डोरी है जो जाल को सिकोडने के लिए है । पहले 25000-40000/-रु में पश्चिम तट से जाल खरीदे जाते थे । आज मछुए आस पास उपलब्ध वस्तुओं के उपयोग करके अपने आप जालों का निर्माण करते है,

जिसकी लागत लगभग 50,000/-रु. तक आती है । जाल का जालाक्षि आयाम 15-20 मि मी के बीच होता है और सभी मौसमों में दिन के समय इस संभार का प्रचालन किया जाता है । इस जाल का वलयित प्रचालन मछली झुण्डों के स्थान निर्धारित करने के लिए है और कभी कभी तलीय मछलियों की प्रतीक्षा में भी ऐसा प्रचालन किया जाता है । पकड की प्रमुख मछलियाँ हैं बांगडा, तारली, ऐंचोवी और कभी कभी ट्यूना, सुरमई, करैंजिड और अन्य तलीय मछली जातियाँ भी पकड में शामिल होती है । इस जाल का प्रचालन 12-14 कार्मिकों का एक मोटोरीकृत फाइबरग्लास टेप्पा द्वारा किया जाता है । इसके ज़रिए औसत अवतरण एक टन से भी अधिक है और औसत अर्जन प्रति दिन प्रति नाव 3000/-रु है ।

आन्ध्रा प्रदेश में डोंकुरु में लगभग 56 एकक और मंजिनीलपेट्टा में 20 और मुनिपट्टनम में दो एकक प्रचालन में हैं । उडीसा के गंजम जिले के पाट्सिोनापुर में और आस-पास 40 वलय संपाश एककों का प्रचालन होता है । वलय संपाश प्रचालन करने वाले कुछ एकक काफी दूर तक जाते है । इसके प्रचालन पर ऐसी शिकायत है कि वलय संपाश द्वारा सभी मछलियाँ पकडी जाती है जो गिलजाल जैसे 10-15 अन्य परंपरागत संभारों को आश्रय दे सकते है । अभितटीय झुण्डों पर निर्भर रहनेवाले *अलिवि वला* और *पेड्डा वला* (तट संपाश) की पकडों पर भी वलय संपाश प्रचालन बुरी प्रभाव डाल सकता है । उडीसा में कच्छपों के संचयन क्षेत्रों में इसका प्रचालन नियंत्रित किया गया है । कुछ मछुए आन्ध्रा प्रदेश के कुछ स्थानों में वलय संपाश प्रचालन में स्वैच्छिक रोध लगाने के कार्य में लगे हुए है ।

गैस्ट्रोपोड जाल

गुल्लाला वला नाम से जाननेवाला गैस्ट्रोपोड जाल केरल के कुछ प्रगति शील मछली व्यापारियों द्वारा उत्तर आन्ध्रा प्रदेश में हाल में (2004 के प्रारंभ) प्रस्तुत एक नया संभार है । विषियानगरम जिला में पुलिगेड्डापालम में इस प्रकार के दो एकक दिखाए पडे थे । इस जाल में एक लंबी मुख्य डोरी (Ø10 मि मी पी पी) है जिसमें से लोहे से निर्मित (Ø12 मि मी) सिन्तेटिक पी इ जालन के साथ पार्श्व डोरी (Ø 4 मि मी) (चित्र-1) द्वारा लटकाये गये है (चित्र-1) । 6 मी की दूरी पर वलयों को लगाया गया है और 300 मी के एकक में कुल 50 वलय होंगे ।

इसका प्रचालन साधारणतया 10 मी से कम गहराई के पंकिल क्षेत्रों में किया जाता है । सीएनिड्स और रेनबॉ सारडीन के कतले चारे के रूप में उपयोग किये जाते है । जाल डालने के आधे घंटे के बाद जाल खींचता है, क्यों कि जाल खींचने में विलम्ब शून्य पकड में परिणत हो जाएगा । मुख्य पकड एक गैस्ट्रोपोड जाति *बाबिलोनिया स्पिराटा* प्रति वलय 0.25 से 1 कि ग्रा में विविध होता है



चित्र - 1 गुल्लाला वला

। इस क्षेत्र में केवल कुछ एकक ही प्रचालन में है जिनके लिए वलय और रस्सियाँ एक एजेंट द्वारा दिया जाता है और वह प्रति कि ग्रा 10/-रु की दर पर पकड भी लेता है । इस जाल का प्रचालन कभी-कभी प्रति नाव 3-4 लोगों को लगाकर किया जाता है और दैनिक अर्जन 100-300/- रु के बीच देखा जाता है ।

सी एम एफ आर आइ के विशाखपट्टणम क्षेत्रीय केन्द्र, विशाखपट्टणम के के. विजयकुमारन और के. चिट्टिबाबु द्वारा तैयार की गयी रिपोर्ट

1127 मान्नार की खाडी के कुछ द्वीपों में प्रवाल झाडियों की अवनति-एक टिप्पणी

तलछट जमाव, अवैधिक प्रवाल खनन, मत्स्यन और प्रदूषण जैसे मानवजन्य प्रभावों के कारण मान्नार की खाडी की प्रवाल झाडियाँ धमकी में है । प्रवाल की समृद्ध समष्टि रहे मानुलि, हारे और पल्लिवासल द्वीप का दक्षिण भाग आज पूर्णतया नष्ट हो गया है ।

पल्लिवासल द्वीप के प्रवाल की स्थिति सब से संकटपूर्ण कहा जा सकता है । यह द्वीप आज समुद्री शैवालों और अर्चिनों का अवास स्थान बन गया है और यहाँ एकिनोडेर्मस और समुद्री शैवालों की अग्रता हो रही है। सभी *एक्रोपोरा* जाति मृत या फिलमेन्टस एल्गे से लगे हुए दिखाये पडे थे । जीवंत प्रवाल युक्त कुछ भागों में बहुत अधिक तलछट जमाव दिखाया पडा । मरे प्रवालों पर समृद्ध समुद्री शैवाल जमाव देखे गये थे । प्रवालों पर मुख्य रूप से पाये गये समुद्र शैवालें थे *सरगैसम* जाति, *कॉलेरपा* जाति और *टरबिनेरिया* जाति । इन क्षेत्रों में प्रवालों के नाश का प्रमुख कारण अवैध प्रवाल खनन माना जाता है । *मोन्टिपोरा* और *एकिनोपोरा* जैसी जातियों (चित्र 1 और 2) में कुछ विरंजन (प्रवालों की क्षमता और उससे बढकर दबाव के कारण सिम्बयोटिक एल्गे का नष्ट) भी देखा गया । मानुली, हारे और आप्पा द्वीपों में और इनके चारों ओर मृत प्रवालों के लंबे लंबे खण्ड भी देखे गये थे । मानुली द्वीप में *मोन्टिपोरा* जाति चित्र-3 के प्रवालों में ब्लाक बैड रोग दिखाया पडा था । ब्लाक बैन्ड रोग एक तीव्र सूक्ष्म जैविक



चित्र - 1



चित्र - 2

विरंजित *एकिनोपोरा* जाति और *मोन्टिपोरा* जाति

चित्र - 3 काला बैन्ड रोग से पीडित *मोन्डिपोरा* जाति

संचयन होता है जो एक बैन्ड जैसा रूपायित होकर स्वास्थ्यपूर्ण प्रवाल कॉलनियों में फैलाकर प्रवाल ऊतकों का इतना नाश करता है कि केवल प्रवालों के कंकाल ही शेष रह जाता है । इस ब्लाक बैन्ड रोग के रोगाणु का पहचान एक चुनौति रह गयी है और इस पर जाँच अब भी चल रहा है ।

प्रवाल झाडियों में प्रवालों का एलगे में परिवर्तन पर यह सामान्य धारणा है कि यह शाकभक्षिता के नष्ट (अतिमत्स्यन) से उत्पन्न दबाव में बढती या पोषण स्तरों में वृद्धि (प्रदूषण) के कारण घटित प्रतिभास है । मानुली, क्रूसदी और षिंगिल द्वीपों के दक्षिण भाग आज भी स्वस्थ झाडियों से रक्षित है जिसको उपर्युक्त क्षतियों से बचाना अनिवार्य है ।

सी एम एफ आर आइ के मंडपम क्षेत्रीय केन्द्र, मंडपम के सी. काशिनाथन और सन्ध्या सुकुमारन द्वारा तैयार की गयी रिपोर्ट

1128 केरल के विषिंजम में पकडा गया तिमी सुरा - एक टिप्पणी

दिनांक 20-6-2005 को 45 मीटर की गहराई में प्रचालित ओषुकु वलै में प्रायः 1000 घंटे को एक मादा तिमि सुरा *रिंकोडॉन टाइपस* फंस गयी और इसको विष़िजम अवतरण केन्द्र में धीरे धीरे घसीटकर लाया । जाल में फंस जाने के समय जीवित रहने के कारण इसे बचाकर समुद्र में वापस भेजने के लिए प्रयास किया था । लेकिन तट की ओर जाते समय यह मर गया । इसलिए एक नाइलॉन रस्सी से बांधकर इसे तट पर लाया । इसकी कुल लंबाई 8.0 मी और भार 1600 कि ग्रा था इसे 1600/-रु पर नीलाम कर दिया गया और इसके बाद और एक व्यापारी ने यकृत से तेल निकालने के लिए (6000/- रु) इसे खरीदा । यकृत का भार लगभग 100 कि ग्रा था जिससे 30 लीटर तेल मिलने की संभावना है ।

सी एम एफ आर आइ के विषिंजम अनुसंधान केंद्र, विषिंजम के बी. राजु, जोस एच. किंगस्ली और ए. पी. लिप्टन द्वारा तैयार की गयी रिपोर्ट

1129 भारत के पश्चिम तट से रोमिल कर्कट *पोर्टूनस (मोनोमिया) ग्रासिलिमानस* पर प्रथम रिपोर्ट

मॉंगलूर मात्स्यिकी पोताश्रय के बहुदिवसीय आनायकों ने 2003 मई के दौरान 50-60 मी की गहराई से लगभग 100 कि ग्रा *पोर्टूनस (मोनोमिया) ग्रासिलिमानस* का अवतरण किया । भारत के पश्चिम तट से इसके पहले इन कर्कटों पर रिपोर्ट नहीं है । उपलब्ध कुछ रिपोर्ट यह बताता है कि भारत के पूर्वी तटों पर 20-30 मी की गहराई से इन कर्कटों को विरल मात्रा में पकडे जाते थे । मलेशिया, होंगकोंग, न्यू गिनिआ और ऑस्ट्रेलिया से भी इसकी उपस्थिति स्थापित की गयी है । मॉंगलूर में अवतरित कर्कट अन्य खाद्य कर्कट जैसे *पोर्टूनस पेलाजिकस* और

पी. सांग्विनोलेन्टस की तरह बडे थे और उनके साथ घरेलू खपत केलिए बेच जाते थे।

इस कर्कट का पूरा शरीर बहुत ही छोटे लोम से आवृत होता है और इस में लगे अध:स्तर का पंक कर्कट को पंक का रंग देता है । छोटे छोटे लोम शरीर पर पडे पंक को निकालने में तकलीफ देते है । पृष्ठवर्म पर जहाँ कहीं लोम घना नहीं है, ग्रैन्यूलों के लाल-श्वेत चित्तियाँ दिखायी पडती है। पृष्ठवर्म के पश्च बोर्डर के पार्श्व कोण वृत्ताकार का है जिसमें शूलियाँ भी नहीं है । करजपदों के पूर्वखंड और अंगुलिखंड बाहर की ओर स्पष्ट रूप से वक्रित होते है । कर्कट के उदर का ऊपरी भाग लाल रंग का और खुरदरा होता है कीलेट पैरों के पार्श्व भाग भी स्पष्टतया खुरदरे होते है ।

सी एम एफ आर आइ के मांगलूर अनुसंधान केन्द्र, मांगलूर के ए.पी. दिनेश बाबु द्वारा तैयार की गयी रिपोर्ट

1130 मुंबई के न्यू फेरी वार्फ में *सेरियोलिना नाइग्रोफासियाटा* का असाधारण अवतरण

सेरियोलिना नाइग्रोफासियाटा (रूपेल, 1829) 50 से 150 मी तक की गहराई के क्षेत्रों में पायी जानेवाली व्यापक रूप में वितरित, झुण्ड में नहीं रहने वाली एकाकी जाति है । ये तलमज्जी मछलियों, शीर्षपादों और झींगों को खाती है ।

न्यू फेरी वार्फ में 2005 फरवरी के दूसरार्द्ध से 2005 मार्च के दूसरे हफ्ते तक *सेरियोलिना नाइग्रोफासियाटा* के विरल अवतरण देखा गया था । 26-2-05 को लगभग 300 कि ग्रा मछली का अवतरण हुआ था । मछली की कुल लंबाई 30 से 60 से मी के रैंच में थी और अधिकतर 45 से मी की थी। यह मछली एक मूल्यवान निर्यात वस्तु होने के कारण कुल पकड को निर्यातकों को बेच दिया गया। इसका मांस इतना मृदु और स्वादिष्ट है कि इसे 'बट्टर' (मखन) नाम से जाना जाता है । अवतरण



सेरियोलिना नाइग्रोफासियाटा

केन्द्र में इसको प्रति कि ग्रा 70/-रु. का दाम मिला ।

सी एम एफ आर आइ के मुंबई अनुसंधान केन्द्र, मुंबई के जयदेव होट्गी, सुजीत सुन्दरम और उमेश एच. राने द्वारा की गयी रिपोर्ट

1131 मांगलूर तट पर 'भारतीय सागरी लॉबस्टेरेट्टे *नेफ्रोसिस स्टीवार्टी* की मात्स्यिकी पर रिपोर्ट

गंभीर सागर आनायन के शुरुआत से लेकर मँगलूर मात्स्यिकी पोताश्रय में भारतीय सागरी लॉबस्टेरेट्टे *नेफ्रोसिस स्टीवार्टी* का नियमित अवतरण होता था । 250-500 मी की गहराई से इनको पकडे जाते थे । यह महाचिंगट बहुत ही स्वादिष्ट माना जाता है और निर्यात करने के लिए संसाधन प्लान्ट द्वारा इनको खरीदा जाता है । मांस कम होने के कारण इस महाचिंगट का प्रति कि ग्रा मूल्य 20-25/- रु है ।

इस महाचिंगट का शरीर रोमिल और बेलनाकृति का है । एक जोडे के पार्श्वीय काँटे हर एक आँखों के पीछे एक काँटे के माध्य रोस्ट्रम के साथ पृष्ठवर्म कण कण का होता है । आँखें छोटी होती है । प्रथम तीन जोडे पैरों का अग्र भाग संसी जैसा दिखते है, प्रथम जोडे रोमिल अंगुलियों के साथ कुछ पुष्ट है । शरीर का रंग भूरा लाल है । मादाओं को उदरीय खण्डों से पहचान किया जा सकता है, जो अंडों के वहन के अनुकूल रूपान्तरित है । नरों में उदर के पार्श्व भाग पेटास्मा आकृति का है ।

पिछले पाँच सालों के दौरान इस जाति का अवतरण क्रमशः 17,51, 44, 22, और 11 टन आकलित किया गया था । प्रथम दो सालों के दौरान इनको केवल नवंबर-दिसंबर में पकड जाते थे, लेकिन वर्ष 2002 से लेकर इनको गभीर सागर चिंगटों के साथ सालभर पकडने लगे । 51 टन का उच्च अवतरण वर्ष 2001 में रिकार्ड किया गया था और अनुवर्ती वर्षों में अवतरण गणनीय मात्रा में कम हो गया ।

शारीरिक परीक्षण करने पर इसका लंबाई रैंच 90-124 मि मी देखा गया (कुल लंबाई) । नर महाचिंगटों की लंबाई 90-102 मि मी (पृष्ठवर्म लंबाई 40-46 मि मी) में विविध थी । मादाओं में लंबाई रैंच 90-124 मि मी (पृ लं

नेफ्रोसिस स्टीवार्टी

40-56 मि मी) देखा गया । 90-95 मि मी लंबाई रैंच के नर कर्कट का औसत भार 16 ग्रा था और 95-100 मि मी आकार वालों का भार 18 ग्रा था । 90-95 मि मी आकार की मादाओं का भार 16 कि ग्रा था तो 115-120 मि मी के कर्कटों का भार 42 ग्रा था । नवंबर-दिसंबर के दौरान अंडवाही मादाओं की संख्या काफी उच्च थी ।

सी एम एफ आर आइ के मँगलूर अनुसंधान केन्द्र, मँगलूर के ए.पी. दिनेशबाबु, बी. श्रीधरा और वाइ. मुनियप्पा द्वारा तैयार की गयी रिपोर्ट

1132 मुंबई के न्यू फेरी वार्फ में पीत पखवाला ट्यूना का असाधारण अवतरण

मुंबई के न्यू फेरी वार्फ में 29-1-05 को दो नावों द्वारा 60 पीत पख ट्यूनाओं का अवतरण किया गया था । इनका आकार 150 से 160 से मी के बीच था । प्रत्येक प्राय: 70 से 90 कि ग्रा भार का था । लकडी से निर्मित नावों की कुल लंबाई 14 मी थी जिनमें 100 अश्वशक्ति इंजन लगाये गये थे । प्रत्येक नाव में 10-12 कार्मिक थे । मत्स्यन 15 दिनों तक रत्नगिरी से 80-100 कि मी दूर 100-140 मी की गहराई में किया गया था । लंबी डोर संभार की मुख्य डोरी 3.5 मि मी डया की एकतंतु थी और शाखा डोरियाँ 1.9 मि मी डया की थी । प्रत्येक शाखा डोरी की लंबाई 24 मी थी और दो शाखा डोरियों के बीच 50 मी की दूरी रखी गयी थी । इनमें प्रयुक्त काँटे प्रादेशिक निर्मित ट्यूना काँटा सं. 3 और 4 थे । बाँगडे और उडन मीन को चारा के रूप में उपयोग किये थे । कुल 26 खींच किये थे । कुल मत्स्यन कार्य हाथों से किया था । कुल पकड को 91,000/- रु प्राप्त हुए और यूरोप के देशों में निर्यात किया गया ।

आगोल तौर पर उच्च समाज-आर्थिक प्रमुखता और अंतर्राष्ट्रीय विपणन के कारण पीत पख ट्यूना मात्स्यिकी महत्वपूर्ण है । इसकी इतना विपुल पकड भारत के पश्चिम



पीत पख ट्यूना

तट के अनन्य आर्थिक मेखला में बडे आकार के ट्यूनाओं की उपस्थिति की पुष्टि करती है ।

सी एम एफ आर आइ के मुंबई अनुसंधान केन्द्र, मुंबई के उमेश एच.राणे और सुजीत सुन्दरम द्वारा तैयार की गयी रिपोर्ट

1133 माँगलूर में स्पिन्नर डॉल्फिन स्टेनेल्ला *लोंगिरोस्ट्रिस* का अवतरण

माँगलूर मात्स्यिकी पोताश्रय में 8-9-2004 को गिलजालों द्वारा पाँच स्पिन्नर डॉल्फिन *स्टेनेल्ला लोंगिरोस्ट्रिस* का अवतरण किया गया था । निम्नसूचित अभिलक्षणों के ज़रिए इसकी वर्गिकी का पहचान किया गया था । पृष्ठ पख वक्राकार में थोडा पार्श्व की ओर मुडा हुआ था । चोंच बहुत ही लंबा और कोमल हनु के एक पार्श्व में 45 से 60 बहुत ही तीखा और नुकीला दांत थे । लिंग का पहचान मादाओं में उपस्थित चुचूक छिद्र की उपस्थिति और नर जातियों में इसकी अनुपस्थिति से किया गया ।

दो दिनों बाद (10-4-2004 को) भी मांगलूर मात्स्यिकी पोताश्रय में गिलजालों द्वारा दस स्पिन्नर डॉल्फिनों (*स्टेनेल्ला लोंगिरोस्ट्रिस*) का अवतरण किया गया था । इनमें दो छोटे थे । बाकी आठ डॉल्फिनों की लंबाई 1 से 1.1 मी तक विविध थी । छ: मादा और चार नर थे । अवतरण के तुरन्त बाद नीलाम कर देने के कारण इनके मापन नहीं लिया जा सका ।

सी एम एफ आर आइ के माँगलूर अनुसंधान केन्द्र, मांगलूर के अनूप ए. कृष्णन, पी.के. कृष्णकुमार, टी. हरीश नाइक, प्रतिभा रोहित और जी.डी. नटराज द्वारा तौयार की गयी रिपोर्ट

1134 मॉंगलूर मात्स्यिकी पोताश्रय में बडे दांतों वाला आरामीन *प्रिस्टिस माइक्रोडोन* के अवतरण पर एक रिपोर्ट

मॉंगलूर में 50-60 मी गहराई में प्रचालित एक आनाय द्वारा पकडे गये 520 से मी कुल लंबाई और 600 कि ग्रा भार के बडे दांतोंवाला आरामीन को 4-3-2005 को मॉंगलूर मात्स्यिकी पोताश्रय में लाया । यह सुरा प्रिस्टिफोर्मस गण के नीचे आनेवाले प्रिस्टिडे कुल के सदस्य है । यह जाति पूर्वी हिंद महासागर, ऑस्ट्रेलिया के तट पर पश्चिम सेन्ट्रल पसिफिक, भारत, इन्डोनेशिया, पापू न्यू गिनिया, दक्षिण आफ्रिका और तायलैन्ड में पायी जाती है । दुनिया में अभी तक रिकार्ड किये गये नमूनों में सब से बडा नमूना चेन्नई तट से पकडी गयी 705 से मी कुल लंबाई की एक मादा आरामीन रही है । बताया जाता है कि इस जाति का जीवन काल 30 साल है ।

प्रकृति और प्राकृतिक संपात्ति के अन्तर्राष्ट्रीय संघ (आइ यू सी एन) द्वारा इस जाति को 'भीषणी में पडी जातियों की लाल सूची' में संसूचित किया गया है । कर्नाटक तट पर आरामीन लक्षित पकड नहीं होती है और जालों को क्षति से बचाने के लिए मछुए इनको छोडकर मत्स्यन करते है । इस तट के मछुआरों में ऐसा एक विश्वास भी है आरामीन को पकडना एक अशुभ शकुन है । मॉंगलूर तट से पकडा गया आरामीन लगभग चार फीट लंबाई के ठोस आरे की मादा मछली थी । आरा का चौडा मूल क्रमशः स्तूपाकार में बन गया था जिसके प्रत्येक भाग में 16 बडे दांत थे । आरा का अग्र भाग नुकीला नहीं था । अंस पख बहुत ऊँचा और कोणाकृति के थे । प्रथम पृष्ठीय पख श्रोणि पखों के सामने दिखाया पडा । पुच्छ पख को एक निम्न पालि थी । पृष्ठ और गुद काँटे नहीं थे । रंग ऊपरी भाग में हरित धूसर और नीचे क्रीम था ।

इस के चमडा और पख उच्च निर्यात मूल्य के हैं । अवतरित सुरा को प्रति कि ग्र 40/-रु के औसत मूल्य के साथ 24,000/--रु में नीलाम कर दिया गया ।

सी एम एफ आर आइ के मॉंगलूर अनुसंधान केन्द्र, मॉंगलूर के ए.पी दिनेशबाबु, लिंगप्पा और वाई. मुनियप्पा द्वारा तैयार की गयी रिपोर्ट

1135 पुस्तक समीक्षा

पुस्तक समीक्षा

शीर्षक : भारत की मोलस्क मात्स्यिकी

ग्रंथकार : के.ए. नरसिंहम

मुद्रक और प्रकाशक : बी.आर. पब्लिशिंग कोरपोरेशन, दिल्ली - 110 052

मूल्य : 2000/-रु

आइ एस बी एन : 81-7646-503-8

प्रकाशन का वर्ष : 2005

पृष्ठों की संख्या : 348+ रंगीन प्लेटों के साथ

आकार : 285* 200 मिमी

बाइन्डिंग : हार्ड बाउण्ड



प्राकृतिक संपदाओं का टिकाऊ विदोहन दुनिया भर अनिवार्य समझी गयी बात है और तदनुसार एफ ए ओ ने सागरों की सुरक्षा और इनकी जीवित संपत्तियों के विवेकी उपयोग और विकास पर यू एन सी ई डी द्वारा की गयी घोषणा को स्वाकीर करते हुए हाल में उत्तरदायित्वपूर्ण मात्स्यिकी के लिए एक आचरण संहिता का प्रस्ताव किया । कम दाम के मछली प्रोटिन के लिए निरन्तर बढती जाने वाली माँग की दृष्टि में, आनेवाले वर्षों में संपदाओं का ज्यादा विवेकी और वहनीय प्रबन्धन अनिवार्य बन गया है, यह भी विशेषतः तटीय सेक्टर में । भारतीय मात्स्यिकी सेक्टर द्वारा खाद्य सुरक्षा की ओर विशेष सतर्कता बरतने पर भी, अतिमत्स्यन और अपर्याप्त मात्स्यिकी प्रबन्धन के साथ मानवजन्य क्रियाकलापों के कारण जलीय पर्यावरण की अवनति पिछले कुछ वर्षों के मछली उत्पादन में गतिरोध खडा कर दिया है । इस पृष्ठपट में पारिस्थितिकी और आर्थिकी की दृष्टि में शक्य संपदाओं की मात्स्यिकी और जलकृषि पर जानकारी उद्योगों एवं प्रबन्धकों को राष्ट्र द्वारा इस दिशा में निर्धारित लक्ष्य प्राप्त करने लायक कार्यक्रमों के आयोजन में सहायता प्रदान करेगी ।

'भारत की मोलस्क मात्स्यिकी' (मोलस्कन फिशरीज़ ऑफ इन्डिया) शीर्षक की यह पुस्तक भारत की मोलस्कन मात्स्यिकी को समेकित करने का एक ठोस कदम है औरग्रंथकार ने विषय और माँग के अनुसार अधिक से अधिक जानकारी प्रदान करने और इस पर देश-विदेश में हुए परीक्षणों के परिणामों पर प्रकाश डालने के लिए सराहनीय प्रयास किया है । यह किताब आर्थिक महत्व रखने वाले प्रधान समुद्री मोलस्कों की पकड और संवर्धन संभावना की वर्तमान स्थिति पर विस्तार से प्रतिपादित करती है । एक विख्यात वैज्ञानिक रहे ग्रंथकार ने अपने इस महान कार्य के ज़रिए आनेवाली पीढियों को मूल्यवान सूचना प्रदान करने के लिए इस क्षेत्र से प्राप्त सारे के सारे अनुभवों और सुविज्ञता का उपयोग किया है ।

ग्रंथकार की यह दावा है यह कि यह भारत की मोलस्कन मात्स्यिकी और जलकृषि पर प्रकाशित प्रथम विस्तृत किताब है । 348 पृष्ठों की यह किताब निर्धारित विषय पर उपलब्ध सभी जानकारियों के साथ पर्याप्त निदर्शनों और आठ रंगीन प्लेटों का उत्तम संकलन है । औद्योगिक जलकृषि की वर्तमान वृद्धि दर के इस अवसर पर जहाँ नब्बे के वर्षों के प्रारंभ में सार्वभौम मोलस्क जलकृषि कुल योगदान में कई जातियाँ कम मूल्य के होने पर भी, 40% हिस्सा दर्ज किया था, की दृष्टि में यह योगदान विशेष महत्व रखता है । हमारे देश में विस्तृत तटीय क्षेत्र और जलकृषि के लिए शक्य कई जातियाँ उपलब्ध होने की दृष्टि में आय और रोज़गार, दोनों की दृष्टि में विकास के लिए अनुकूल है ।

इस पुस्तक में 15 अध्याय है और 1100 से भी अधिक

निर्देश सूची भी उपलब्ध है । आमुख के अध्याय में ग्रंथकार विदेशी और भारतीय मोलस्कों के सामान्य अभिलक्षणों पर संक्षेप में प्रकाश डालते है । अध्याय 2 से 4 प्रशंख के संपदाओं के संवर्धन और प्रबन्धन, शिख-कवची और हरा घोंघा और एबालॉन और अन्य उदरपादों के बारे में है । अध्याय 5,6,8 9 और 10 क्रमशः शुक्ति, मुक्ता शुक्ति, समुद्री शंबु, सीपियें और कांच शुक्ति पर प्रतिपादन किया है । अध्याय 7 अलवणजल मुक्ता शंबु संपदाओं और भारत, चीन और जापान में इनके संवर्धन और आर्थिकी पर प्रकाश डालता है । आठवाँ अध्याय में समुद्री शंबु संपदाएं और भारत में इसका संवर्धन के बारे में भारत चीन और स्पेन से प्राप्त संबंधित सूचनाओं के साथ उल्लेख किया है । नवाँ अध्याय में विदोहित द्विकपाटियों में प्रथम श्रेणी में आनेवाली सीपियों, उनकी मात्स्यिकी, संवर्धन और बीजोत्पादन के लिए हैचरी प्रौद्योगिकी पर विस्तृत विवरण दिया जाता है; जब कि दसवाँ अध्याय का विषय हैं कांच शुक्ति की मात्स्यिकी और संवर्धन । शीर्षपाद संपदाएं, उनकी मात्स्यिकी, जैविकी और संवर्धन से संबधित विवरण ग्यारहवाँ अध्याय में प्रस्तुत किया जाता है ।

बारहवाँ अध्याय प्रधान रोगों और विभिन्न परजीवियों पर प्रकाश डालता है । निस्यंदक भोजी, द्विकपाटियाँ पास-पडोस के पर्यावरण से विषैला प्रदूषण संचित करने के कारण लोकारोग्य में इनके महत्व मानकर ग्रंथकार ने तेरहवाँ अध्याय में इस पर विशेष प्रतिपादन देता है । चौदहवाँ अध्याय का विषय है चिंगटों के साथ द्विकपाटियों का समेकित पालन । अंतिम अध्याय मोलस्कन संपदा प्रबन्धन, संवर्धन तकनीक और भविष्य प्रभाव एवं कृत्रिम आहार, शुक्राणुओं के क्रयो प्रिसरखेशन, भ्रूण और डिम्मक, सुदूर निःसादन, प्रोबयोटिक्स, आनुवंशिकी संबंधित आनुसंधान क्षेत्र और मोती और मोती से संबंधित परीक्षणों में जैवप्रौद्योगिकीय समीपन पर प्रतिपाद्य करता है । इस बडी पुस्तक का आलोचनापरक अवलोकन यह व्यक्त करता है कि इसका मूलभूत विषय आर्थिक महत्व के समुद्री मोलस्कों की संपदा और संवर्धन साध्यता पर केन्द्रित है अर्थात् इसका शीर्षक अंतर्वस्तु के आगे बहुत ही सरल है । समुद्री संपदा उत्पादन के एवजी के रूप में दुनिया भर आज तेज़ बढती जाने वाले जलकृषि उद्योग की दृष्टि में इस पुस्तक द्वारा प्रसारित जानकारी उद्यमकर्ताओं के लिए काफी उपयोगी सिद्ध होगी । इस में दी गयी सूचनाएं विद्यार्थियों और अनुसंधेताओं के लिए ही नहीं बल्कि नीति आयोजकों और वित्तीय संस्थाओं को भी जलकृषि उप-सेक्टर में उचित निवेशन पर निर्णय लेने में मदद करेगी ।

पुस्तक समीक्षा: एन.जी मेनोन, **सी एम एफ आर आइ, कोचीन**